Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Proctorial Board

A meeting of Students with the Principal

12-03-2024

श्री अरविन्द महिला कॉलेज में मंगलवार दिनांक 12.03.2024 को कॉलेज की छात्राओं के लिए कॉलेज सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो साधना ठाकुर ने इन छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कॉलेज में सम्पूर्ण विकास हेतु संसाधन मौजूद है, छात्राएं इसका भरपूर लाभ उठाएं। वहीं कॉलेज की प्रॉक्टर डॉ० बी० मौर्या ने छात्राओं को हमेशा अनुशासन में रहने और कॉलेज में यूनिफॉर्म में आने को कहा। साथ ही छात्र कमिटी के बारे में भी बताया।इस अवसर पर डिप्टी प्रॉक्टर और प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ० विमी सिंह ने छात्राओं से कहा कि कॉलेज में होने वाली हर गतिविधियों में छात्राएं भाग लें, साथ ही प्लेसमेंट सेल के बारे में भी उन्हें अवगत करवाया। कॉलेज में एन एस एस प्रभारी डॉ गीता कुमारी ने छात्राओं को एन एस एस से जुड़ी गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। हॉस्टल वार्डन डॉ सपना बरुआ ने हॉस्टल से संबंधित सुविधाओं की जानकारी दी। डॉ अजय कुमार सिंह ने छात्राओं को परीक्षा से पहले होने वाले तनाव को कैसे दूर किया जाए , इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी।

अंत में छात्राओं की समस्याओं को सुना गया और उनसे संबंधित समाधान की भी चर्चा की गई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० प्रभा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक और सभी संकायों की छात्राएं उपस्थित रहीं । अंत में छात्राओं को नेस्ले की तरफ से कॉफी के पाउच का वितरण किया गया।

छात्राओं को मिली सुविधाओं की जानकारी

t.me/PatliputraUniversityPPU

पटना | श्री अरविंद महिला कॉलेज में मंगलवार को कॉलेज की छात्राओं के लिए कॉलेज सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने कहा कि कॉलेज में संपूर्ण विकास के लिए संसाधन मौजूद है छात्राएं इसका भरपूर लाभ उठाएं। वहीं कॉलेज की प्रॉक्टर डॉ. बी मौर्या ने छात्राओं को हमेशा अनुशासन में रहने और कॉलेज में यूनिफॉर्म में आने को कहा।

अरविंद महिला कॉलेज : नयी प्राचार्या ने की बैठक

पटना. श्रीअरविंद महिला कॉलेज में मंगलवार को कॉलेज की छात्राओं के लिए कॉलेज सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नयी प्राचार्या प्राचार्या प्रो साधना ठाकुर ने छात्राओं से मुलाकात की और कहा कि कॉलेज में संपूर्ण विकास के लिए संसाधन मौजूद हैं, छात्राएं इसका भरपूर लाभ उठाएं.

t.me/PatliputraUniversityPPU

प्रभारी प्राचार्या ने छात्राओं के साथ किया संवाद

पटना। श्री अरविन्द महिला कॉलेज के सभागार में मंगलवार को बैठक हुई। मौके पर हाल ही में कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या के रूप में पदभार करने वाली प्रो. साधना ठाकुर ने छात्राओं के साथ संवाद किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि कॉलेज के संसाधन का भरपूर लाभ उठाएं। मौके पर कॉलेज की प्रॉक्टर डॉ. बी मौर्या, डॉ. विमी सिंह, डॉ. गीता कुमारी, डॉ. सपना बरुआ आदि मौजूद थीं।